an>

Title: Need to commence a new train from Farrukhabad to Hajrat Nizamuddin and name it as Neeb Karori Dham express.

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद) : सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेतू फर्रूखाबाद में दो विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल हैं, जहां देश-विदेश से प्रतिदिन सैंकड़ों की संख्या में तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों का आवागमन होता है। लेकिन वहां यातायात की कोई सीधी और सरल व्यवस्था नहीं होने की वजह से पर्यटकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। फर्रूखाबाद के निकट उत्तर मध्य रेलवे के रेलवे स्टेशन बाबा लक्ष्मण दास पुरी, जो नीव करोरी धाम के नाम से देश-विदेश में विख्यात है, स्थित है। इसके अतिरिक्त वहां अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध तीर्थस्थल संकिसा भी इसी स्टेशन के निकट है। इस रेल मार्ग फर्रूखाबाद-टुंडला-आगरा और मथुरा होते हुए हजरत निजामुद्दीन तक कोई सीधी ट्रेन नहीं है। इसकी वजह से पर्यटकों को काफी घूमकर आना-जाना पड़ता है। मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि फरूखाबाद-मैनपुरी-टुंडला-आगरा-मथुरा होते हुए एक एक्सप्रेस ट्रेन हजरत निजामुद्दीन तक चलाई जाए और इस ट्रेन का नाम नीव करोरी धाम एक्सप्रेस रखा जाए। इस ट्रेन के चलने से तीर्थ यात्रियों, पर्यटकों, व्यापारियों और दैनिक यात्रियों को आवागमन में सुविधा हो सकेगी तथा मेट्रो सिटीज पर होने वाले दबाव को कम किया जा सकेगा।

HON. CHAIRPERSON:

Shri Bhairon Prasad Mishra,

Shri Chandra Prakash Joshi and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Mukesh Rajput.